महत्वपूर्ण एवं खास

यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सर्विस परीक्षा 2023 की प्रारंभिक परीक्षा 28 को होगी

रायपुर (आरएनएस)। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिविल सर्विस 2023 की प्रारंभिक परीक्षा 28 मई को 2 पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक संचालित की जायेगी। इस परीक्षा में 13 हजार 609 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कलेक्टर ने परीक्षा के सुचारू संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अपर कलेक्टर बी बी पंचभाई को को आर्डिनेटिंग सुपरवाइजर, रूचि शर्मा, डिप्टी कलेक्टर को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर तथा रोजगार अधिकारी केदार पटेल को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया है।

पेट्रोल पंप पर किक मारते ही आग की लपटों के साथ धधक उठी बाइक

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कोरबा के पेट्रोल पंप से एक वीडियो सामने आया है। जहां एक युवक जैसे ही पेट्रोल भरवाकर मोटरसाइकिल चालू करने किक मारा वैसे ही मोटरसाइकिल में आग लग गई। यह घटना का वीडियो पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। जिसके बाद से वीडियो सोशल मीडिया पर काफ ी वायरल हो रहा है। गर्मी के दिनों में पेट्रोल पंप में सावधानी बरतनी नसीहत दी जाने लगी है। उधर बाइक में आग लगने की घटना के बाद आसपास मौजूद लोग हड़बड़ा जाते हैं। इस दौरान पेट्रोल पंप कर्मी तत्काल पंप में रखे अग्निशमन यंत्र से बाइक में लगी आग पर काबू पा लिया जाता हैं। इस पूरे घटनाक्रम में राहत की बात ये रही कि पेट्रोल पंप में कोई भी अप्रिय घटना घटने से पहले ही आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। वहीं अब बाइक में आग गर्मी के कारण लगने की बात कही जा रही है।

दिनदहाड़े सड़क पार करते दिखा भालू, वीडियो वायरल

कांकेर (आरएनएस)। गोविंदपुर में दिनदहाड़े बीच सडक़ पर भालू को घूमते देखा गया है। सडक़ पर दिनदहाड़े भालू को देखकर लोगों के होश उड़ गए। दिन के वक्त भालू को रोड क्रॉस करता देखकर ट्रैफिक थम सा गया। लोगों ने उसका वीडियो बनाकर वायरल कर रहे है। जब भालू ने सडक़ पार कर लिया, तब जाकर सडक़ों पर गाडिय़ां दौड़ी। शाम ढलते ही भालुओं का पहाड़ी से उतरकर आबादी वाले इलाकों की ओर रुख करना अब कांकेर शहर में आम बात हो चुकी है। गर्मी के कारण भोजन-पानी के लिए आबादी वाले इलाके में भालूआ रहे है। गुरुवार को गोविंदपुर के नजदीक के पहाड़ी से एक भालू उतरकर आबादी वाले इलाके में घुस आया। वो काफी देर तक सडक़ के किनारे ही घूमता रहा और मार्ग से गुजर रहे लोगों में दहशत बनी रही। कुछ लोगों ने इसका वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कुछ देर सडक़ किनारे घूमने के बाद भालू वापस पहाड़ी की ओर जाने के लिए सडक़ पार करने लगा, तो मार्ग से गुजर रहे बाइक सवारों ने तत्काल अपने वाहन कुछ दूरी पर रोक लिए, नहीं तो भालू उन पर डरकर हमला भी कर सकता था।

सड़क पार कर रही महिला आई बाइक की चपेट में, मौत

रायपुर (आरएनएस)। खमतराई में सडक़ पार कर रही एक महिला तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसा 21 मई की शाम करीब 5 बजे की है। खमतराई ओव्हरबृज के पास मृतका रूखसाना खातुन पति नवीउल्ला अंसारी 37 वर्ष पैदल सडक़ पार कर रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से वह बुरी तरह से घायल हो गई थी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

शासन की गोधन न्याय योजना से वनांचल गांवों की बदल रही तस्वीर महिलाओं ने की केंचुआ विक्रय कर 187300 रूपए की कमाई

- साबुन, निरमा, फिनाईल, मसाला से 30 हजार 920 रूपए का हुआ लाभ
- सामुदायिक बाड़ी की सब्जियों की बिक्री से 10 हजार 570 रूपए की हुई आमदनी

मोहला-मानपुर (आरएनएस)। शासन की गोधन न्याय योजना ने वनांचल गांवों की तस्वीर बदल दी है। ग्रामीण महिलाएं अब घरेलू कार्य के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी से अपनी सहभागिता बढ़ा रही हैं। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों में संचालित आयमूलक गतिविधियों से जुडक़र ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं और अब वे अपने परिवार की जिम्मेदारी तथा उनका भरण-पोषण कर अपने जीवन स्तर बढ़ाने में सक्षम हो रही हैं।

गौठान से जुडक़र समूह की महिलाएं हो रही आर्थिक रूप से सशक्त

मानपुर विकासखण्ड से 22 किलोमीटर दूर पर स्थित वनांचल ग्राम बोरियामोकासा में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना अंतर्गत सशक्त गौठान के रूप में चिन्हाकंन किया गया है, जहां महिला स्वसहायता समूह को आर्थिक रूप से सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने हेतु मल्टीएक्टिविटी केन्द्र की स्थापना की गई है।मानपुर विकासखंड के ग्राम बोरियामोकासा की महिलाएं एक ओर जहां स्वावलंबी हो रही हैं, वहीं अन्य महिलाओं को भी इस दिशा में बढऩे के लिए प्रेरित कर रही हैं।

गोबर से बना रहे वर्मी कंपोस्ट

महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं गौठानों में गोबर से जैविक खाद के अलावा अन्य उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। काम के प्रति लगन ऐसी कि गांव में मुहिम चलाकर अन्य महिलाओं को जोड़ रही हैं और गोबर से उत्पाद बनाने प्रशिक्षित भी कर रही हैं। गोधन न्याय योजना से आत्मनिर्भरता की ओर महिलाएं तेजी के साथ बढ़ रही हैं। जिसमें महिला समूह द्वारा आजीविका गतिविधि जैसे वर्मी कम्पोस्ट खाद, मसाला पैकेजिंग, सामुदायिक बाडी, फिनाईल, चारागाह, मशरूम उत्पादन जैसे कई आर्थिक गतिविधियों से जुडक़र कार्य कर रही हैं।

बोरियामोकासा गौठान में गोधन न्याय योजना के तहत गौठान में एकत्रित गोबर से पदम जय गंगा मैया महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा वर्मी खाद उत्पादन किया जा रहा है। जिसमें अब तक 2 लाख 87 हजार 177 किलो गोबर खरीदी की गई है, खरीदी की गई गोबर से 1 लाख 7 हजार 630 किलो वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन कर 1 लाख 7 हजार 630 किलो वर्मी विक्रय किया गया है। जिससे लगभग 11 लाख रूपए की विक्रय हुई है। जिसमें पदम जय गंगा मैया स्वसहायता समूह को 3 लाख 50 हजार 670 रूपए की लाभांश राशि प्राप्त हुई है।

जय गंगा मैया महिला समूह ने किया कमाल

समूह के प्रत्येक सदस्य इस आय से खुश हैं। इसके अलावा महिला समूह द्वारा केंचुआ उत्पादन कर उसका 1 लाख 87 हजार 300 रूपए का विक्रय किया गया। इसी तरह साबुन, निरमा, फिनाईल से 24 हजार 800 रूपए, मसाला से 6 हजार 120 रूपए का लाभ अर्जित की गई है। सामुदायिक बाड़ी में सब्जी का उत्पादन कर 10 हजार 570 रूपए का विक्रय किया गया। उनका कहना है कि गौठान में कार्य करके उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हैं एवं आय में वृध्दि हो रही है।

पदम जय गंगा मैया महिलाओं द्वारा बोरियामोकासा गौठान से लगे 3 एकड़ की सामुदायिक बाड़ी में जैविक खाद का उपयोग कर साग-सब्जी का उत्पादन कर रही है। जिसमें समूह के महिलाओं द्वारा बाड़ी में टमाटर, सेमी, हल्दी, बरबटी, लौकी सहित अन्य सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। स्वादिष्ट सब्जियां होने के कारण इनके आस-पास के बाजार में मांग बढ़ रही है और समूह की आय में वृध्दि हो रही है। सामुदायिक बाड़ी में विभिन्न सब्जियों का उत्पादन एवं विक्रय कर स्वसहायता समूह की महिलाएं 10 हजार 570 रूपए तक मुनाफा ले चुकी हैं। जिससे इनकी परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत बन रही हैं।

तेज आंधी से गिरे 400 केवी क्षमता के तीन टावर, जनहानि नहीं

कोरबा (आरएनएस)। क्षेत्र में चली तेज आंधी की वजह से ग्राम मादन के पास 400 केवी लाइन क्षमता का एक टावर टूट कर नीचे गिर पड़ा। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, पर टावर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में खेदामार व मड़वा की लाइन प्रभावित हो गई। ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा अन्य लाइन से बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी ;पारेषणद्ध द्वारा हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम संयंत्र एचटीपीपी परिसर स्थित सबस्टेशन से खेदामार व मड़वा के लिए लाइन बिछाई गई है। इसके माध्यम से 400 केवी की आपूर्ति की जाती है। शुक्रवार को क्षेत्र में तेज आंधी के साथ वर्षा हुई। इसका असर विद्युत आपूर्ति पर भी पड़ा। बताया जा रहा है कि पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत मादन के मखुरहा तालाब के पास हाईटेंशन लाइन विद्युत टावर उच्च दाब क्षमता तार समेत जमीन पर गिर गया। टावर ग्राम मादन निवासी बलराम पटेल के खेत में गिरा। इसके साथ ही तार नीचे झुक गया और बिजली आपूर्ति बंद हो गई। जानकारी मिलते ही ट्रांसमिशन के अधिकारी, तकनीकी कर्मियों की टीम के साथ स्थल के लिए रवाना हो गए। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के बाद सुधार कार्य आरंभ किया जाएगा। घटना में कितना नुकसान हुआ है, इसका आंकलन करने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित टावर की बिजली को अन्य लाइन के माध्यम से आपूर्ति की जाएगी। तेज आंधी की वजह से टावर गिरने की घटना को लेकर संदेह जताया जा रहा है, क्योंकि उच्च दाब क्षमता का टावर जल्दी नही गिरता है। अधिकारियों ने संदेह जताते हुए कहा कि क्षेत्र में कबाड़ चोरी की घटनाएं ज्यादा हो रही है। संभवत: किसी कबाड़ चोर ने टावर के नीचे का एंगल काट लिया होगा और इससे टावर कमजोर हो गया। आंधी चलने की वजह से नीचे गिर गया, हालांकि टावर निरीक्षण करने के बाद वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

शुक्रवार को चली तेज आंधी की वजह से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कई स्थानों पर बिजली तार में पेड़ की डाल टूट गिर गईए तो कुछ स्थान पर तार टूट गए। इससे शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद हो गई। तुलसी नगर सबस्टेशन से निकलने वाले टीपी नगर, कोरबा शहर के साथ ही पाड़ीमार जोन के महाराणा प्रताप नगर, आरपी नगर, शिवाजी नगर समेत अनेक क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद रही। वितरण विभाग के तकनीकी अमला द्वारा जानकारी मिलते ही सुधार कार्य आरंभ शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में तार टूटने व पेड़ गिरने की घटनाएं ज्यादा हुई है और बिजली सप्लाई प्रभावित रही। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि रात होने की वजह से सुधार कार्य में दिक्कत आ रही है, बावजूद तकनीकी अमला जुटा हुआ है।

178 बटालियन सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने दिखाया अदम्य साहस

जगदलपुर (आरएनएस)। दिनांक 26 मई 2023 को सीमा सुरक्षा बल की 47, 132, एवं 178 बटालियन की 07 कम्पनियो के द्वारा संयुक्त आक्रामक ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस ऑपरेशन के अंतर्गत कंपनी ऑपरेटिंग बेस मैनड्रा की ऑप्रेशन पार्टी तारा दत्त, सहायक कमाण्डेन्ट के नेतृत्व में शाम 0600 बजे रवाना हुई। लगभग 0810 बजे रात को जब पार्टी उरपांजुर पटेल पारा गांव से गुजर रही थी तो नक्सलियों द्वारा उनके ऊपर फायर किया गया। तारा दत्त, सहायक कमाण्डेन्ट और उनके साथी सीमा प्रहरीयो ने घनी अंधेरी रात में अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना नक्सलियों के ऊपर जवाबी फायर किया व उनके भागने के रास्तों को कवर किया। नक्सली आड़ से फायर कर रहे थे व जवान सामरिक रुप से विसम परिस्थिति में खुले इलाके में थें, फिर भी जवानो ने डटकर मुकाबला किया, जिसमे दो जवानो के घायल होने के बावजूद, गाँव की महिलाओ व बच्चो की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धैर्य व संयम कायम रखा। देर रात्री में हरेन्द्रर सिंह रौतेला, कमाण्डेन्ट, विनोद अधिकारी, द्वितीय कमान अधिकारी (संक्रीय) और डीआरजी की टीम मौके पर पहुँची। सुबह इलाके की छानबीन के दौरान एक घायल वर्दीधारी महिला नक्सली मिली जिसकी पहचान कोटरी एरिया कमिटी की सदस्य फगनी पोडयामी के रूप में हुई है।

बाल-बाल बचे भाजपा नेता, ड्राइवर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा, कई लोगों की जा सकती थी जान

जांजगीर (आरएनएस)। जिले के बनारी गांव में एनएच-49 पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लीलाधर सुल्तानिया बाल-बाल बचे हैं। बिलासपुर से रांची जाने वाली राजहंस सर्विस की बस को ड्राइवर तेज रफ्तार से चला रहा था और पुटपुरा चौक के पास बस बेकाबू हो गई। इसी दौरान सामने से भाजपा नेता लीलाधर सुल्तानिया कार से जांजगीर की ओर से घर जा रहे थे। यहां बेकाबू बस से बचाने, कार के ड्राइवर ने कार की स्टेयरिंग को खेत की ओर मोड़ दिया और फिर कार खेत में उतर गई।

इस तरह बड़ी घटना टल गई, नहीं तो बस के ड्राइवर की लापरवाही से आमने-सामने की टक्कर होने से बड़ी घटना घट सकती थी। बस की रफ्तार काफी तेज थी और यात्री भी बड़ी संख्या में बस में सवार थे। रफ्तार की वजह से बस भी पलट सकती थी। राहत की बात रही, कोई अनहोनी नहीं हुई।

बनारी में हादसे होने से बचने के बाद बस की रफ्तार कम नहीं हुई और बस को लेकर ड्राइवर मौके से भाग निकला। बस को स्थानीय लोगों और पुलिस ने खोखसा फाटक में रोका और सिटी कोतवाली लेकर पहुंचे। शिकायत पर पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 35 सौ रुपये का जुर्माना किया है, वहीं बस के ड्राइवर के लाइसेंस को निरस्त करने परिवहन विभाग को भेजने की बात पुलिस ने कही है।

घर घुसकर मारपीट व लूट करने वाले एक नाबालिग सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। धरसींवा थाना पुलिस ने पिछले दिनों एक चौकीदार के घर में घूसकर उसे चाकू मारकर घायल करने तथा पैसे लूटने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है।

मिली जानकारी के अनुसार ताराचन्द साहू ने थाना धरसींवा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह निमोरा धरसींवा स्थित निर्माणधीन पानी टंकी के पास बने एक कमरे में रहकर चौकीदारी का काम करता है। प्रार्थी 25 मई को वह सुबह अपने कमरे में था कि लगभग 7.30 बजे केटीएम मोटर सायकल में 03 लडक़े उसके घर के बाहर मोटर सायकल खड़ी किये और जबरदस्ती उसके कमरे में अंदर प्रवेश कर पैसा मांगे जिस पर ताराचंद ने मेरे पास पैसा नहीं है कहने पर एक लडक़े ने उसको पीछे से दबोच कर उसका मुंह बन्द कर दिया। तथा एक ने लडक़े ने अपने पास रखें चाकू से प्रार्थी के दांये कुल्हे में 3-4 बार वार किया जिससे ताराचंद जमीन में गिर गया एवं लडक़े उसे धमकी दिये कि यदि चिल्लायेगा तो जान से मार देंगे तथा तीनों प्रार्थी के पैंट के जेब में रखें पर्स जिसमें नगदी 3 हजारा रूपये एवं आधार कार्ड को लूट कर फरार हो गये। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना धरसींवा में धारा 452, 394, 324, 34 भादवि. 25, 27 आम्र्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

लूट की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व चौकी प्रभारी सिलतरा के नेतृत्व में चौकी सिलतरा पुलिस की टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी एवं आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। टीम के सदस्यों द्वारा अज्ञात आरोपियों द्वारा उपयोग किये गये दोपहिया वाहन के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी महेश रात्रे, रवि कुमार साहू एवं एक नाबालिग को पकडक़र प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर तीनों के द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर तीनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की नगदी रकम 13 सौ रूपये एवं घटना में प्रयुक्त 1 नग के टी एम मोटर सायकल तथा 1 नग चाकू जप्त कर तीनों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

ई कामर्स कंपनी को 45 लाख का चूना लगाने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग (आरएनएस)। ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट को कंपनी के ही एरिया मैनेजर और कर्मचारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 45 लाख रुपए का चूना लगा दिया। हालांकि शिकायत के बाद पुलिस ने मैनेजर सहित पांच आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के फिल्पकार्ट का वेयर हाउस दुर्ग जिले के धमधा में है, जहां से फ्लिपकार्ट कंपनी ऑनलाइन सामान मंगाने वाले कस्टमर के सभी आइटम्स को भेजती है, तो दुर्ग जिले के धमधा के वेयरहाउस में उसे डंप किया जाता है, उसकी डिटेल निकाली जाती है और स्कैन किया जाता है, उसके बाद सभी डिलवरी करने वाले लडक़ों को सामान दिया जाता है, जिसके बाद लडक़े पार्सल में लिखे हुए बॉक्स पर एड्रेस के आधार पर कंपनी का सामान डिलीवर करते हैं। करीब महीने भर पहले खुले इस वेयर हाउस में जामुल निवासी मैनेजर के तौर पर अमर मंडल काम कर रहा था, कोहका का रहने वाला अरविंद भी उसके साथ वेयर हाउस में काम कर रहा था. पुलिस के अनुसार दोनों ने वेयर हाउस की नौकरी डिलीवरी के लिए आने वाले सामान को हड़पने की नीयत से ही की थी। इन दोनों ने राजनांदगांव की रहने वाली मोनिका के अलावा अपने तीन और दोस्त दीपक, मनीष और लोकेश को भी शामिल कर लिया। सभी ने मिलकर अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के करीब 50 से ज्यादा अकाउंट से फ्लिपकार्ट को 120 मोबाइल और महंगे लैपटॉप का ऑर्डर दिया, सभी ऑर्डर कैश ऑन डिलीवरी मोड में दिए गए। इस मामले में मास्टरमाइंड अमर मंडल ने अपने दोस्त राहुल के आधार कार्ड का इस्तेमाल कर उसे वेयर हाउस का डिलीवरी बॉय बना दिया, जबकि राहुल को इस बात का पता भी नहीं चला जब सारा सामान आ गया, तो पूरा सामान राहुल के नाम से डिलीवरी के लिए निकलना दिखाया और उसे लेकर 21 मई की रात को राजनांदगांव में मोनिका के घर ले गए। मोनिका के घर में मोबाइल से स्कैन कर पूरा सामान डिलीवरी होना दिखा दिया गया। वहीं पैसा पास होने की बात कहते हुए रात होने का बहाना बनाते हुए अगले दिन जमा करने की बात कही। लेकिन जब अगले दिन पैसा नहीं मिला तो कंपनी के द्वारा पुलिस को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस के द्वारा आरोपियो से 38 लाख के सामान की बरामदगी हो चुकी है जबकि अरोपियों ने कंपनी लगभग 45 लाख रुपये का सामान गबन किया था।

तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य समाप्त, वर्षा और ओले गिरने से पत्तों का संग्रहण कम

कोरबा 27 मई (आरएनएस)। तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुक्रवार को समाप्त हो गया। कोरबा व कटघोरा वन मंडल में 1.30 लाख मानक बोरा पत्ता संग्रहित किए जाने का लक्ष्य था। 16 दिन के भीतर दोनों वन मंडल में 1.02 लाख मानक बोरा पत्ता संग्रहित कर लिया गया है। लक्ष्य की तुलना में यह 28 हजार 120 मानक बोरा कम है। तोड़ाई शुरू होने से पहले अप्रैल माह में वर्षा और ओले गिरने वजह से इस वर्ष पत्तों का संग्रहण कम हुआ है। आनलाइन बोली लगाकर पत्ता खरीदने वाले ठेकेदारों को तो कोई नुकसान नहीं होगा लेकिन कम पत्ता संग्रहण से संग्राहकों को कम राशि मिलेगी। खराब मौसम ने इस बार तेंदूपत्ता संग्राहकों की आस पर पानी फेर दिया है। अप्रैल माह की शुरूआत में शाख कर्तन के बाद माना जा रहा था कि 1.30 लाख मानक बोरा तोड़ाई लक्ष्य को पार कर लिया जाएगा, पर ऐसा नहीं हुआ। अमूमन 20 दिन तक चलने वाली तेंदूपत्ता संग्रहण 16 दिन में ही बंद हो गई। बताना होगा कि इस बार एक मई को शुरू होने वाली संग्रहण की शुरूआत आठ मई को हुई। पत्तों को सबसे अधिक नुकसान ओले पडऩे से हुई। मौसम साफ होने से पत्तों का संग्रहण 28 मई तक जारी रहने की संभावना थी लेकिन शुक्रवार को हुई वर्षा से पत्तों के सडऩे की आशंका को देखते हुए दोनों वन मंडल के फड़ को बंद कर दिया गया। पत्ता संग्रहण के कोरबा वनमंडल में 396 और कटघोरा में 481 फड़ बनाए गए हैं। पत्तों का दर बीते वर्ष की तरह इस बार भी 400 रुपये सैकड़ा रखा गया है। अब संग्रहित पत्तों पर गौर करें तो कोरबा वनमंडल में 53 हजार 500 और कटघोरा में 56 हजार 699 मानक बोरा पत्तों का संग्रहण किया जा चुका है। यह कार्य 28 मई तक जारी रहने की संभावना थी लेकिन वर्षा की वजह से बंद हो गई है।

बताना होगा कि पत्ता संग्रहण के एवज में संग्राहक परिवार नवीन शिक्षण सत्र में बच्चों की कापी किताबा और खेती के लिए खाद. बीज आदि के लिए कमाई कर लेते हैं। खास बात यह है कि इस बार कोरबा वनमंडल के सभी 38 समितियों के पत्तों की बोली लगी है। इस तरह कटघोरा के 44 में दो को छोड़ शेष समिति के पत्ते बिक चुके हैं। अधिक से अधिक फड़ों के पत्तों की बढ़चढ़ कर बोली लगने से संग्राहक परिवारों को इस बार बोनस लाभ भी अधिक मिलेगा। राज्य सरकार ने भुगतान के लिए दोनों वन मंडल में राशि जारी कर दी है। दोनों वनमंडल में कुल 58 हजार 345 संग्राहक परिवार हैं। संग्राहकों के खाते में आनलाइन भुगतान प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

सूखे पत्तों को गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। बारिश को देखते हुए संग्रहण में तेजी लाई जा रही है। दो दिन से वर्षा के कारण बिना सूखे पत्तों को किसानों के घर में ही रखना पड़ा । फड़ मुंशियों की माने तो तेज धूप के कारण भीगे पत्तों को सुखाने में सहूलियत हो रही। बताना होगा कि पत्ते बेहतर होने की वजह से कहीं भी सरा लेने की जरूरत नहीं पड़ रही। इस बार इस समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए गांव-गांव सरा न देने मुनादी करा दी गई।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU